खाटु वाला श्याम धणी हम भक्तो का विश्वास है लिरिक्स

खाटु वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।

तर्ज – भला किसी का कर न सको।

किसने देखा उसको लेकिन,
मन में भारी आस है,
खाटू वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।**lbd।**

अंतर्यामी को सेवक तू,
खोज रहा आकारों में,
नहीं मिलेगा मेरा बाबा,
मंदिर की दीवारों में,
एक गरीब की आँख में मेरे,
श्याम धणी का वास है,
खाटू वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।**lbd।**

कर्मा के खीचड़ में बसता,
मीरा के उस प्यार में,
नरसी की हुंडी में बैठा,
गज की करुण पुकार में,
सच्चे मन से नाम पुकारा,
पल में हुआ आभास है,
खाटू वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।**lbd।**

कहीं ज्योत में लीला घोड़ा,
छम छम नाच दिखाता है,
जय श्री श्याम किसी सेवक की,
रोटी पर छप जाता है,
यही कही बैठा वो छुपकर,
निज भक्तो के पास है,
खाटू वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।**lbd।**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

छप्पन भोग कभी ना खाए,
'हर्ष' तुम्हे बतलाता है,
आडम्बर करने वाले का,
गर्व हमेशा खाता है,
इसके आगे ढोंग करे जो,
निश्चित उसका नाश है,
खाटू वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।bd।

किसने देखा उसको लेकिन,
मन में भारी आस है,
खाटु वाला श्याम धणी,
हम भक्तो का विश्वास है।bd।

Singer – Swati Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com